79 छात्राओं को टैबलेट का किया गया वितरण

गोरखपुर(एसएनबी)। चन्द्रकान्ति रमावती देवी आर्य महिला पीजी कालेज में दोपहर 01 बजे उप्र सरकार द्वारा स्वामी विवेकानन्द सशक्तिकरण योजना के अन्तर्गत आवंटित निःशुल्क टैबलेट वितरण का वितरण किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि सहजानन्द राय (क्षेत्रीय अध्यक्ष, भाजपा गोरखपुर) उपस्थित रहे। उन्होंने छात्राओं को सार्थक उपयोग करने की सीख दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता पुष्पदन्त जैन दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री उप्र. सरकार ने किया और सरकार की इस योजना की सार्थकता से सभी को अवगत कराया। इस अवसर पर कुल (79) उन्यासी छात्राओं को टैबलेट वितरित किया गया।